**प्र. ४. (अ)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग ६० शब्दों में हो : (६) [१०]

(१) रैदास जी प्रभु को किन-किन रूपों में संबोधित करते हैं?

(२) वृक्ष हमेशा किस तरह चौकन्ना रहता है?

(३) कवि केदारनाथ सिंह टूटे हुए धागों को क्यों उठा रहे हैं?

(४) 'दे गया एक हरा घाव' — कवयित्री ज्योति व्यास ने अपने गाँव के संबंध में ऐसा क्यों कहा है?

**(आ)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> प्रश्न का उत्तर लगभग ८० शब्दों में लिखिए : (४)

(१) कबीर के गुरु, सत्य और वाणी की शुद्धता विषयक विचारों पर प्रकाश डालिए।

(२) पत्थर तोड़ती स्त्री का चित्रण कवि ने किस तरह किया है?

(३) 'माँ, बस यह वरदान चाहिए' कविता के आशय को स्पष्ट कीजिए।

**प्र. ५. (अ)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> प्रश्न का उत्तर लगभग ८० शब्दों में लिखिए : (४) [१०]

(१) भीमराव अंबेडकर को पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त करने में देरी क्यों हुई?

(२) जापान में हिंदी का प्रभाव व प्रसार किन प्रसंगों में दिखाई देता है?

(३) 'खोई हुई वस्तु की खोज में आनंद मिलता है' ऐसा लेखक क्यों कहते हैं?

**(आ)** निम्नलिखित विषयों में से किन्हीं <u>दो</u> पर टिप्पणियाँ लिखिए। प्रत्येक टिप्पणी लगभग ६० शब्दों में हो : (६)

(१) अहिंसा के सिद्धान्त।

(२) रविशंकर जी के संगीत क्षेत्र के कार्य।

(३) लेखक और पुस्तक विक्रेता।

(४) सरोवर में हंस-हंसिनी की बातें।

**अथवा**

**(आ)** निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> पाठ का सारांश लगभग १२० शब्दों में लिखिए :

(१) महान विभूतियाँ।

(२) यात्रा जापान की।